दैनिक भास्कर

अहियापुर क्षेत्र में स्प्रिट से नकली शराब बनाने के अड्डे का खुलासा

Muzaffarpur News - मुजफ्फरपुर |अहियापुर थाने के शेखपुर ढ़ाब में बुधवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर स्परिट से नकली विदेशी शराब बनाने...

Muzaffarpur News explanation of the premises for making fake liquor from spirit in ahiyapur area

Jun 20, 2019, 08:25 AM IST

मुजफ्फरपुर |अहियापुर थाने के शेखपुर ढ़ाब में बुधवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर स्परिट से नकली विदेशी शराब बनाने का अड्डा पकड़ा। पुलिस का रेड पड़ते ही तस्कर फरार हाेे गए, जबकि दाेे नाबालिग वहां से पकड़े गए। नाबालिग लड़काेेंं के सहारे शराब बनाने का काराेेबार चल रहा था। पुलिस टीम ने तीन कार्टन नकली शराब, एक गैलन स्परिट, बड़ी मात्रा में बाेेतल पर लगाने वाला रैपर, काॅर्क अाैैर खाली बाेेतलें जब्त की है।

दो बाइक पर लदी 342 बोतल शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार : साहेबगंज | ब्लॉक कार्यालय के पीछे वाले रोड में पानी टंकी के समीप पुलिस ने मंगलवार की रात छापेमारी कर दो बाइक पर लदी 342 बोतल शराब बरामद की। तस्कर प्रतापपट्‌टी के नरेश साह को भी गिरफ्तार किया। इधर, शेरपुर इलाके में छापेमारी कर सदर थाना की पुलिस ने 10 कार्टन शराब एक बंद घर से व 4 कार्टन शराब एक खेत में लगे खजूर के पेड़ के नीचे से बरामद की है।

Source: https://www.bhaskar.com/bihar/muzaffarpur/news/explanation-of-the-premises-for-making-fake-liquor-from-spirit-in-ahiyapur-area-082504-4812128.html